STUDENT MAP

**FY-05**

**Reg. No.**

**Name :**

# FIRST YEAR HIGHER SECONDARY EXAMINATION, MARCH 2020

Part – II

**HINDI**

Maximum : 80 Scores

Time : 2½ Hours

Cool-off time : 15 Minutes

***सामान्य निर्देश :***

- प्रश्न वाचन और चिंतन के लिए 15 मिनट का समय है ।
- उत्तर लिखने से पहले प्रश्नों को अच्छी तरह समझने की कोशिश करें ।
- स्कोर और समय पर ध्यान देकर उत्तर लिखें ।
- सूचना के अनुसार वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

**सूचना : 1 से 5 तक के प्रश्नों के उत्तर कोष्ठक से चुनकर लिखें ।** **(5 × 1 = 5)**

1. डाक्टर ने असलम को क्या करने से मना किया था ?

   (दौड़ने से, बोझ उठाने से, रिक्शा चलाने से)

2. जवा कुसुम-सी खिलेगी-कौन ?

   (शशि किरणें, उषा, वसंत)

3. कौन ज़मीन खोद रहा था ?

   (बूढ़ा आदमी, टिकट बाबू, वृद्ध महिला)



Get All Question Papers & Notes on studentmap.in

STUDENT MAP

4. 'आनंद की फुलझड़ियाँ' किस विधा की है ?

(संपादकीय, निबन्ध, नाट्यरूपांतर)

5. 'हेमा' किस कहानी का पात्र है ?

(अनुताप, जुलूस, दुःख)

**सूचना : कवितांश पढ़ें और 6 से 8 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

तुम्हें कहना नहीं आता
कहने क्यों चले आए
पहले कहना सीखो
फिर अपनी बात कहना

जिनके पास कहने को है
जो कहना चाहते हैं
जिन्हें कहना नहीं आता
मैं उनमें से एक हूँ।

6. इस कवितांश के रचयिता कौन हैं ? **(1)**

7. मैं उनमें से एक हूँ – 'मैं' किसका प्रतिनिधि है ? **(1)**

8. कवितांश की आस्वादन टिप्पणी लिखें। **(6)**



Get All Question Papers & Notes on studentmap.in

STUDENTMAP

9. सही मिलान करें । (8 × 1 = 8)

| | | |
|---|---|---|
| Programme | – | कूड़ेदान |
| Cancel | – | संसाधन |
| Input | – | संचिका |
| Symbol | – | रद्द करें |
| Trash | – | सामाजिक |
| Resource | – | संकेत |
| Social | – | प्रक्रम |
| File | – | अंतर्पात |

**सूचना : 10 से 14 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 3 के उत्तर एक या दो वाक्यों में लिखें ।** **(3 × 2 = 6)**

10. 'मैंने रोते हुए माँ को बताया कि मुझे भाई ने खड़ब्बल से मारा है' – 'अपराध' कहानी के बड़े भाई को पिताजी ने क्यों मारा ?

11. पत्थर की बैंच पर कौन-कौन हैं ?

12. नया दारोगा कौन है ? वह कैसा आदमी है ?

13. महिला यात्री रेलगाड़ी से बाहर क्या फेंक रही थी ?

14. 'आदमी का स्वप्न जल का बुलबुला है' – ऐसा क्यों कहा गया है ?



Get All Question Papers & Notes on studentmap.in

STUDENTMAP

सूचना : 15 से 19 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 3 के उत्तर चार-पाँच वाक्यों में लिखें । (3 × 4 = 12)

15. 'इस एकांत सृजन में कोई,

कुछ बाधा मत डालो' – कवि क्यों ऐसा कहते हैं ?

16. दोहा पढ़ें और भाव लिखें ।

साई इतना दीजिए, जामे कुटुंब समाय ।
मैं भी भूखा न रहूँ, साधु न भूखा जाय ।।

17. जीवन-वृत्त के आधार पर यशपाल के बारे में अनुच्छेद लिखें ।

| | | |
|---|---|---|
| नाम | : | यशपाल |
| जन्म | : | 3 दिसंबर, 1903 |
| जन्मस्थान | : | फिरोज़पुर (पंजाब) |
| प्रमुख रचनाएँ | : | झूठा सच, दिव्या, अमिता |
| पुरस्कार | : | पद्मभूषण, साहित्य अकादमी पुरस्कार, देव पुरस्कार |
| मृत्यु | : | 26 दिसंबर, 1976 |

18. देखो, वह अमराई मेरे दादा ने लगाई थी तो उसके फल मैंने खाए- बूढ़े आदमी ने ऐसा क्यों कहा ?

19. 'जुलूस' नाट्यरूपांतर के इब्राहिम अली के ये कथन पढ़ें ।

- उसी दिन स्वराज्य सूर्य का उदय होगा ।
- हम दूकानें लूटने या मोटरें तोड़ने नहीं निकले हैं ।
- हमारा उद्देश्य केवल जनता की सहानुभूति प्राप्त करना है ।

इन कथनों के आधार पर इब्राहिम अली के चरित्र पर टिप्पणी लिखें ।



Get All Question Papers & Notes on studentmap.in

STUDENT MAP

**सूचना : 20 से 24 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 3 के उत्तर लिखें ।** **(3 × 6 = 18)**

20. यात्री का मन संघर्ष से भरा था । यात्री अपना संघर्ष डायरी में लिख रहा है । वह डायरी लिखें । (40–60 शब्दों में)

- असलम की मृत्यु की खबर
- असलम के प्रति अपना व्यवहार
- पश्चात्ताप से उत्पन्न अनुताप

21. वृद्ध महिला रेलगाड़ी से कुछ चीज़ें फेंकती जा रही है । तब सहयात्री और वृद्ध महिला के बीच का संभावित वार्तालाप तैयार करें ।

22. 14 नवंबर विश्व मधुमेह दिवस (World Diabetic Day) है । इस अवसर पर आपके स्कूल के स्काउट ग्रुप (scout group) ने एक मेडिकल शिविर (Medical camp) का आयोजन किया है । इसके लिए एक पोस्टर तैयार करें ।

23. 'आप इसे अपने ही पास रखिए और जब आपके पास कोई ऐसा ही ज़रूरतमंद आए तो उसे यह दे दीजिए' – बेंजमिन फ्रैंकलीन से मदद माँगनेवाला लड़का अपने मित्र को पत्र लिखता है । वह पत्र तैयार करें ।

- बेंजमिन फ्रैंकलीन से मुलाकात
- पैसा माँगना
- बेंजमिन फ्रैंकलीन का वचन

24. अंग्रेजी संवाद का हिन्दी में अनुवाद करें ।

| | | |
|---|---|---|
| Radha | : | Hi Geetha, why are you looking so sad ? |
| Geetha | : | I am worried about my exam. |
| Radha | : | What about your preparation for the exam ? |
| Geetha | : | I am weak in English. |
| Radha | : | Don't worry, you have to spend more time for English. |
| Geetha | : | Thank you. |

(Preparation – तैयारी, easy – सरल, weak – कमज़ोर, worried – चिंतित)



Get All Question Papers & Notes on studentmap.in

STUDENT MAP

**सूचना : गद्यांश पढ़ें और प्रश्न संख्या 25, 26 के उत्तर लिखें ।**

एक बार मैं बैंक में अपना हिसाब खोलने के लिए गया । क्लर्क मुझसे सवाल पूछता जाता था और पास बुक में दर्ज करता जाता था । मैंने देखा, उसके अक्षर दरअसल बहुत अच्छे हैं । मैंने फौरन कहा, "ज़रा पास बुक दिखाइए तो, आपकी लिपि बहुत सुंदर दिखती है ।" और (उसे नज़दीक से देखकर मैंने कुछ मन ही मन और ज़ोर से कहा, "ब्यूटीफुल" ! उस क्लर्क का चेहरा प्रसन्नता से खिल उठा ।) बैंक के रूखे आँकड़ों से माथापच्ची करते-करते उसका तमाम दिन बीतता है । काम के उन नीरस घंटों में उसे आनंद का अनुभव नहीं हुआ था ।

25. लेखक बैंक में किसके लिए गया ? **(1)**

26. खंड का संक्षेपण करें और शीर्षक दें । **(6)**

**सूचना : 27 से 30 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 2 के उत्तर लिखें ।** **(2 × 8 = 16)**

27. किसी मनपसंद फिल्म की समीक्षा करें ।
    - फिल्म का कथासार
    - निदेशक की भूमिका
    - पटकथा, पात्र, छायांकन आदि
    - फिल्म के प्रति अपना दृष्टिकोण

28. ये सुर्खियाँ पढ़ें ।

| |
|---|
| नारी उत्पीड़न – देश आज भी मुक्त नहीं । |

| |
|---|
| नारी उत्पीड़न – कानूनी दंड अपर्याप्त |

| |
|---|
| नारी उत्पीड़न – रोकने के लिए सरकार कटिबद्ध |

कुमारी जयंती, जयंती निवास, आलप्पुषा की ओर से नारी उत्पीड़न रोकने की दिशा में सरकार द्वारा की गई कार्रवाइयों की सूचना पाने के लिए सार्वजनिक सूचना अधिकारी, गृह विभाग, केरल सरकार के नाम सूचना अधिकार पत्र तैयार करती है । वह पत्र तैयार करें ।



Get All Question Papers & Notes on studentmap.in

29. 'छात्रों पर कंप्यूटर का प्रभाव' विषय पर स्कूल में एक संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है । इसमें प्रस्तुत करने के लिए एक आलेख तैयार करें । (80-100 शब्दों में)

- आधुनिक वैज्ञानिक युग
- कंप्यूटर का सदुपयोग
- ज्ञान का भंडार
- कंप्यूटर का दुरुपयोग

30. हमारे शहर में जानवरों का एक मल्टी स्पेशिऐलिटि अस्पताल (Multi speciality hospital) शुरू होता है । उसकेलिए एक उचित विज्ञापन लिखें ।

- 24 घंटे जानवरों की सुरक्षा
- बीमार या घायल जानवर का शेल्टर होम
- एम.आर.आई., सी.टी. स्कैन आदि की सुविधा

---



Get All Question Papers & Notes on studentmap.in